aglasem.com

FOR CA INTERMEDIATE EXAM PREPARATION

CA Intermediate 2024 Question Paper · Paper 4 Cost and Management Accounting

EXAM
CA Intermediate

YEAR
2024

TYPE
Question Paper

SUBJECT
Paper 4 Cost and Management Accounting

DATE
September 2024

INTERMEDIATE EXAM
PAPER-4
Cost & Management Accounting

19 SEP 2024

VAE2(H)

19/09/2024 (5:15 P.M.)

Roll No. .....

Total No. of Questions – **6**

Total No. of Printed Pages – **24**

Maximum Marks – **70**

GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs of Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book or on Part-I Question paper will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit the descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators or having/using mobile phone or smart watch will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

PART – II

70 Marks

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

(2)

VAE2(H)

PART – II

1. (a) Language Achievers, a renowned institute specializing in TOEFL preparation, has secured a spacious hall for ₹ 20,000 on weekly basis with a seating capacity of 250 students. The instructor, highly qualified and experienced, is compensated generously with an honorarium of ₹ 1,500 per lecture. Additionally, he receives reimbursement for travel expenses of ₹ 200 per day along with refreshments costing ₹ 1,500 per week to ensure his comfort and focus during teaching sessions. Administrative and miscellaneous expenses, covering essential utilities and materials are ₹ 500 per week. Language Achievers has meticulously planned its curriculum, scheduling batches of 2 lectures per day, 5 days a week for 30 weeks, ensuring comprehensive coverage of the TOEFL syllabus. 5

Required :

(i) Calculate the total cost per batch.

(ii) Determine the minimum fee per student in a batch to cover costs, if the batch is fully occupied.

(iii) Calculate the fee to be charged from each student if batch is 80% filled and institute aims to achieve a profit margin of 25% on the fee.

VAE2(H)

(b) XYZ Ltd. declared a net profit of ₹ 2,25,000 based on their financial accounts for the year ending 31st March, 2024. The profit disclosed in cost books are not matched with financial accounts. The following information were revealed during the scrutiny of the figures of both the sets of books : 5

Sr. No.	Particulars	(₹)
1	Preliminary expenses written off in financial accounts	35,000
2	Factory Overheads Over charged in cost accounts	20,000
3	Expenses on issue of shares in financial accounts	30,000
4	Undervaluation of closing stock in cost accounts	65,000
5	Interest on Bank Deposits in financial accounts	60,000
6	Under recovery of administration overheads in cost accounts	25,000
7	Notional Rent of own premises charged in cost accounts	30,000
8	Under recovery of selling overheads in cost accounts	35,000
9	Bad debts recovered in financial accounts	50,000

Required :

Prepare Reconciliation Statement to arrive at net profit/loss as per Cost Accounts.

(c) JC Ltd. has a production capacity of 80,000 units per year. Presently a company produces 60,000 units. Its cost structure is as under : 4

Material Cost	₹ 6 per unit
Labour Cost	₹ 4 per unit
Variable overheads	₹ 2 per unit

Total fixed cost ₹ 3,00,000 per annum. Present selling price ₹ 20 per unit. In the month of January, 2024 company received an offer from a Japanese client to supply 20,000 units at a price of ₹ 14 per unit with the additional shipping cost of ₹ 8,000.

Required :

(i) On the basis of changes in the profit, advice to the company, whether the offer should be accepted or not ?

(ii) Will your advice be different, if the customer is local one ?

(iii) If Japanese client offer for supply of 30,000 units to a price of ₹ 14 (part supply of order not accepted) and shipping cost treated as variable cost, analyze the impact on the profit of JC Ltd., if order accepted.

2. (a) MNP Limited have the capacity to produce 84,000 units of a product every month. Its prime cost per unit at various levels of production is as follows : **8**

Level	Prime Cost per unit (₹)
10%	50
20%	48
30%	46
40%	44
50%	42
60%	40
70%	38
80%	36
90%	34
100%	32

Its prime cost consists of raw material consumed, direct wages and direct expenses in the ratio of 3 : 2 : 1. In the month of January 2024, the company worked at 40% capacity and raw material purchased amounting to ₹ 8,40,000. In the month of February 2024, the company worked at 100% capacity and raw material purchased for ₹ 16,46,400.

It is the policy of the company to maintain opening stock of raw material equal to 1/3 of closing stock of raw material. Factory overheads are recovered at 60% of direct wages cost. Fixed administration expenses (as part of production cost) and fixed selling and distribution expenses are ₹ 2,01,600 and ₹ 1,68,000 per month respectively. During the month of January 2024 company sold 33,600 units @ ₹ 68.8 per unit. The variable distribution cost amounts to ₹ 1.5 per unit sold.

The management of the company chalks out a plan for the month of February 2024 to sell its whole output @ ₹ 61 per unit by incurring following further expenditure :

(i) Company sponsors a television programme on every Sunday at a cost of ₹ 26,250 per week. There are 4 Sundays in February 2024.

(ii) Hi-tea programme every month for its potential customers at a cost of ₹ 1,05,000.

(iii) Special gift item costing ₹ 105 on sale of a dozen units.

(iv) Lucky draws scheme is introduced every month by giving the first prize of ₹ 1,00,000; second prize of ₹ 80,000; third prize of ₹ 40,000 and four consolation prizes of ₹ 8,000 each.

Note : (In the month of February 2024, there is a significant saving in material cost per unit due to entry of new suppliers in the market and saving in per unit cost of Direct wages and Direct expenses due to introduction of new policy by the management.)

Prepare a cost sheet for the month of January 2024 and February 2024 showing prime cost (with different elements of prime cost), factory cost, cost of production, total cost and profit earned.

(b) In a factory there are 50 workers, working 8 hours per day including 30 minutes for lunch break, worked for 160 days during a period of six months ended on 31st December, 2023. During this period total employee's cost was recorded ₹ 3,90,000. The management of the factory decided the overtime premium rates for the month of January 2024 as under : **6**

Sundays and holidays	180% of basic wages rate
Before and after normal working hours	160% of basic wages rate

During the last six months (ended on 31st December, 2023), the following hours were worked :

Normal time	56,250
Sundays and holidays	750
Before and after normal working hours	3,000
Total hours	60,000

During the month of January 2024, the factory worked on a job BX in the following manner.

Normal working	2,400	men hours
Overtime on Sundays and holidays	200	men hours
Overtime before and after normal working	400	men hours
Total hours	3,000	

You are required to calculate the labour cost chargeable to job BX and overheads in each of the following situations :

(i) Where overtime is worked regularly in whole year as a policy on account of shortage of workers.

(ii) Where overtime is worked irregularly to meet the requirement of production.

(iii) Where overtime is worked at the request of the customer to complete the job in time.

(iv) Where overtime is worked on account of flood in the area.

3. (a) GST Limited is a multi-product company. The production and cost details of its two products P and Q are given as follows : **8**

Particulars	Product	
	P	Q
Quantity produced (No.)	9,000	7,200
Direct material cost (₹)	72,000	50,000
Direct labour hours	800	600
Purchase requisition (No.)	180	144
Production runs (No.)	144	108
Quality inspections (No.)	27	18

Direct wages rate is ₹ 14.50 per hour. Presently the company uses a single overhead recovery rate based on direct labour hours. Overhead incurred by the company during the year 2023-24 are as follows :

Technical staff salary	₹ 45,000
Machine operation expenses	₹ 1,62,000
Machine maintenance expenses	₹ 27,000
Wages and salary of stores staff	₹ 36,000

During this period direct labour hours worked 72,000.

Now the Company wants to adopt Activity Based Costing. For this purpose, following activities are identified :

- Quality control
- Setup of machine for production runs
- Store receiving

It is also decided that salary of technical staff should be distributed among machine maintenance, setup and quality control in the ratio of 1 : 2 : 2. Machine maintenance expenses and machine operation expenses should be distributed in the ratio of 2 : 3 in between stores and production setup activities.

During this period cost drivers for these activities are identified as under :

- Requisition raised 5,760
- Production setup 7,200
- No. of quality test 720

You are required to compute :

(i) The cost of products P and Q based on traditional absorption costing system.

(ii) The cost of products P and Q based on ABC Costing system.

(b) Savi Limited is currently working at 80% of its capacity level and furnished the following information for current period : 6

Production / Sales	96,000 units
Direct Variable Cost	₹ 20 per unit
Factory Overheads	₹ 8,40,000
Administrative Overheads (Fixed)	₹ 20,60,000
Sales Commission	2% of Sales Value
Transportation Expenses (Loading Capacity 4,000 units)	₹ 4,000 per truck

The selling price of the product is ₹ 120 per unit and Factory Overheads are 80% variable in nature.

The management of Savi Limited has come to know that there will be high fluctuations in the demand of the product in upcoming year and it would not be an easy task to predict the demand. Selling price per unit will not be affected by demand fluctuations.

Savi Limited has decided to prepare a flexible budget for the product at 60%, 80% and 100% capacity level.

You are required to prepare the Flexible Budget showing total cost of the product at each level.

4. (a) BG company produces a standard product and sold in a packet of 10 kg. The standard cost card per pack is as follows : 9

Direct Material :

A – 4 kg @ ₹ 50 per kg

B – 8 kg @ ₹ 40 per kg

Direct Labour :

6 hours @ ₹ 20 per hour

The company manufactured and sold 1,600 packets during the month. Actual data for material and labour recorded as under.

Direct Material :

A – 7,000 kg @ ₹ 40

B – 12,500 kg @ ₹ 45

Labour hours paid for two different categories of workers:

Skilled	6,000 hours @ ₹ 25
Semi-skilled	4,000 hours @ ₹ 20

5% of the time paid was lost due to an abnormal reason.

Calculate the following variances indicating their nature (Favourable or Adverse) :

(i) Material cost variances

(ii) Material price variances

(iii) Material usage variances

(iv) Material mix variances

(v) Material yield variances

(vi) Labour cost variance s

(vii) Labour rate variances

(viii) Labour efficiency variances

(ix) Labour Idle time variances

(b) Explain Build-Operate-Transfer (BOT) approach and classify the following expenses in Capital Cost or Operating and Maintenance Cost for Toll Roads : **2+3 =5**

(i) Land acquisition

(ii) Interest expenses incurred for servicing term loans

(iii) Material and Labour

(iv) Toll Collection Expenses

(v) Contingency Allowance

(vi) Periodic painting cost of railings etc.

5. (a) This data pertains to the three machines operating in the manufacturing division of PQR Corp for the financial year 2023-2024 : 7

Particulars	Estimated Expenses			
	TOTAL (₹)	Machines		
		X (₹)	Y (₹)	Z (₹)
Direct Labour Expenses (per quarter)	2,50,000			
Oil Expenses (per quarter)	1,03,125	37,500	37,500	28,125
Machine Insurance Expenses (per quarter)	60,000			
Depreciation (per annum)	6,00,000	1,00,000	2,00,000	3,00,000
Building Maintenance Expenses (per quarter)	1,00,000			
Wages of Operator (per quarter)	2,25,000			
Electricity Expenses (per quarter)	3,00,000			
Rent and Rates (per month)	80,000			
Salary of Technician (per month)	62,500			

(The Technician works only on machines X and Y and the Operator controls all three machines and both spend equal time on each of the machines worked upon by them.)

There are 14 holidays besides Sundays in the year, of which six are on Saturdays. There was a Strike of workers for 5 working days (including one Saturday). The manufacturing department operates for 8 hours per day on regular week days, while on Saturdays, the operating hours are reduced by 2 hours per day. All machines operate at 80% capacity throughout the year. Assume 366 days in a year.

The following additional information is also available :

(i) A 20% hike in the price of oil.

(ii) A 10% rise in Oil consumption for machines 'X' and 'Y' only.

(iii)

Particulars	Machines		
	X	Y	Z
No. of Workers	5	3	2
Ratio of K.W. Rating	3	3	4
Ratio of Floor space utilized	1	2	1

Required :

Prepare a Statement detailing the allocation of expenses to each machine on an annual basis and thereafter, compute the comprehensive machine hour rate for each of the specified machine.

(b) ABC Ltd. is a well-known company for producing baby care products. The company produces and sells two variants of organic shampoo for children: "Baby Rose" and "Baby Lily". The sales and cost data for both products are provided below : 7

Particulars	Baby Rose	Baby Lily
Current demand and Sales (Number of bottles)	4,000	3,000
Production Capacity (Number of bottles)	7,500	6,000
Selling Price per bottle (₹)	600	750
Variable Costs per bottle :		
– Direct Materials (₹ 20 Per litre)	160	200
– Other Variable Costs	270	350

The fixed costs amount to ₹ 5,00,000 and ₹ 4,50,000 for Baby Rose and Baby Lily respectively. The Production Manager has informed that 1,00,000 litres of material is available for production. A dealer has approached the company and proposed to purchase both products at the existing selling prices, which are to be produced by utilizing the remaining unused material. However, he has insisted that all the bottles must be packed with eco-friendly packaging, which will result in an additional cost of ₹ 10 per bottle for the company. Presently, the company is not using eco-friendly material for packing of bottles.

Required :

Prepare a detailed statement showing the overall contribution and profit of the company after acceptance of the dealer's proposal.

6. (a) Describe any five benefits of the Digital Costing System. **5**

(b) Define the following terms : **5**

(i) Controllable Variance

(ii) Uncontrollable Variance

(iii) Budget Manual

(iv) Performance Budgeting

(v) Budget Period

(c) Discuss the treatment of By-products in cost accounting. **4**

OR

(c) Define Job costing and explain differences between job and batch Costing. **4**

---

(13)

VAE2(H)

भाग – II

(Hindi Version)

1. (a) लेंग्वेज अचीवर्स, जो टॉफेल (TOEFL) की तैयारी की विशेषज्ञता के लिए प्रख्यात संस्थान है, ने प्रति सप्ताह ₹ 20,000 के आधार पर 250 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता वाला पर्याप्त स्थान वाला हॉल लिया है । प्रशिक्षक, जो अत्यन्त प्रशिक्षित व अनुभवी है, को ₹ 1,500 प्रति व्याख्यान का मानदेय उदारतापूर्वक दिया जाता है । इसके अतिरिक्त, उन्हें ₹ 200 प्रतिदिन यात्रा व्यय तथा अध्यापन सत्र के दौरान सुविधा एवं ध्यानकेंद्रिता बनाये रखने के लिए ₹ 1,500 प्रति सप्ताह अल्पाहार की प्रतिपूर्ति की जाती है । प्रशासनिक एवं अन्य व्यय, जो आवश्यक उपयोगिताओं एवं सामग्रियों को लेकर है, ₹ 500 प्रति सप्ताह हैं । लेंग्वेज अचीवर्स ने टॉफेल पाठ्यक्रम की व्यापक कवरेज को सुनिश्चित करने के लिए 2 व्याख्यान प्रतिदिन, 5 दिन प्रति सप्ताह, 30 सप्ताहों के लिए व्यापक जानकारी का टॉफेल का पाठ्यक्रम सुनियोजित किया है । 5

अपेक्षित है :

(i) प्रति समूह कुल लागत की गणना ।

(ii) लागतों को पूरा करने के लिए एक समूह में प्रति विद्यार्थी न्यूनतम शुल्क निर्धारित करें यदि समूह पूरी तरह से भरा हुआ है ।

(iii) प्रति विद्यार्थी वसूल किये जाने वाले शुल्क की गणना करें यदि समूह 80% भरा हुआ है तथा संस्थान विक्रय पर 25% लाभ प्राप्त करने का लक्ष्य रखते हैं ।

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

(b) XYZ लिमिटेड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में अपने वित्तीय खातों के आधार पर ₹ 2,25,000 का शुद्ध लाभ घोषित किया है । लागत खातों में दिखाया गया लाभ, वित्तीय खातों में दिखाये गये लाभ से नहीं मिलता है । दोनों प्रकार के लेखों के आँकड़ों की जाँच के दौरान निम्नलिखित सूचनाएँ प्रकट हुईं : 5

क्रम संख्या	विवरण	(₹)
1.	अपलिखित प्रारम्भिक व्यय वित्तीय खातों में	35,000
2.	कारखाना उपरिव्यय लागत खातों में अधिक वसूली	20,000
3.	वित्तीय खातों में अंशों के निर्गमन पर व्यय	30,000
4.	लागत खातों में अंतिम रहतिया का कम मूल्यांकन	65,000
5.	वित्तीय खातों में बैंक जमा पर ब्याज	60,000
6.	लागत खातों में प्रशासनिक उपरिव्यय की कम वसूली	25,000
7.	लागत खातों में स्वयं स्वामित्व परिसर का अनुमानित किराया	30,000
8.	लागत खातों में विक्रय उपरिव्यय की कम वसूली	35,000
9.	वित्तीय खातों में डूबत ऋणों की वसूली	50,000

अपेक्षित है :

लागत खातों के अनुसार शुद्ध लाभ/हानि निकालने के लिए मिलान करने वाला विवरण तैयार करें ।

(c) जे.सी. लिमिटेड की उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 80,000 इकाइयाँ है । वर्तमान में कम्पनी 60,000 इकाइयाँ उत्पादित करती है । इसका लागत ढाँचा इस प्रकार है : 4

सामग्री लागत	₹ 6 प्रति इकाई
श्रम लागत	₹ 4 प्रति इकाई
परिवर्तनशील लागत	₹ 2 प्रति इकाई

कुल स्थायी लागत प्रतिवर्ष ₹ 3,00,000 है । वर्तमान विक्रय मूल्य ₹ 20 प्रति इकाई है । जनवरी 2024 में कम्पनी को एक जापानी ग्राहक से 20,000 इकाइयाँ, ₹ 14 प्रति इकाई की दर से अतिरिक्त ₹ 8,000 की पोत परिवहन लागत के साथ, आपूर्ति करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ ।

अपेक्षित है :

(i) लाभों में परिवर्तन के आधार पर कम्पनी को यह प्रस्ताव स्वीकार करना चाहिए या नहीं, अपनी राय दीजिए ।

(ii) क्या आपकी राय भिन्न होती यदि ग्राहक स्थानीय होता ?

(iii) यदि जापानी ग्राहक 30,000 इकाइयों की आपूर्ति (आंशिक आपूर्ति अस्वीकार्य) का प्रस्ताव ₹ 14 प्रति इकाई पर देता है और पोत वाहन लागत परिवर्तनशील मानी जाती है, जे.सी. लिमिटेड के लाभों पर प्रभाव का विश्लेषण कीजिये, यदि प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है ।

2. (a) एम.एन.पी. लिमिटेड की क्षमता प्रतिमाह एक उत्पाद की 84,000 इकाइयाँ उत्पादित करने की है । इसकी मूल लागत प्रति इकाई उत्पादन के विभिन्न स्तरों पर इस प्रकार है : **8**

स्तर	मूल लागत प्रति इकाई (₹)
10%	50
20%	48
30%	46
40%	44
50%	42
60%	40
70%	38
80%	36
90%	34
100%	32

इसकी मूल लागत के घटक कच्ची सामग्री की खपत, प्रत्यक्ष श्रम एवं प्रत्यक्ष व्यय 3 : 2 : 1 के अनुपात में हैं । जनवरी 2024 माह में कम्पनी ने 40% क्षमता स्तर पर कार्य किया एवं ₹ 8,40,000 की कच्ची सामग्री क्रय की । फरवरी माह में कम्पनी ने 100% के क्षमता स्तर पर कार्य किया तथा ₹ 16,46,400 की कच्ची सामग्री क्रय की । कम्पनी की नीति है कि वह कच्ची सामग्री के आरम्भिक रहतिया का स्तर, कच्ची सामग्री के अंतिम रहतिया के एक तिहाई के बराबर रखती है । कारखाना उपरिव्यय, प्रत्यक्ष श्रम लागत के 60% की दर से अवशोषित किये जाते हैं । स्थायी प्रशासनिक व्यय (जो उत्पादन लागत का भाग है) एवं स्थायी विक्रय तथा वितरण व्यय प्रतिमाह क्रमशः ₹ 2,01,600 एवं ₹ 1,68,000 हैं । जनवरी 2024 माह के दौरान कम्पनी ने 33,600 इकाइयाँ ₹ 68.8 प्रति इकाई की दर से विक्रय कीं । परिवर्तनशील वितरण लागत ₹ 1.5 प्रति बिक्रीत इकाई है ।

कम्पनी का प्रबन्धन फरवरी माह के लिए, निम्नलिखित अतिरिक्त व्ययों को करते हुए, अपना समस्त उत्पादन ₹ 61 प्रति इकाई से विक्रय करने की नीति की रूपरेखा बनाता है ।

(i) कम्पनी प्रत्येक रविवार, ₹ 26,250 प्रति सप्ताह की लागत से, एक टेलीविज़न कार्यक्रम का प्रवर्तन करती है । फरवरी 2024 में चार रविवार हैं ।

(ii) अपने संभावित ग्राहकों के लिए प्रतिमाह ₹ 1,05,000 की लागत से जलपान कार्यक्रम ।

(iii) एक दर्जन इकाइयों के विक्रय पर ₹ 105 की खास भेंट ।

(iv) प्रतिमाह लकी ड्रॉ योजना प्रस्तुत की गई जिसमें प्रथम पुरस्कार ₹ 1,00,000, द्वितीय पुरस्कार ₹ 80,000, तृतीय पुरस्कार ₹ 40,000 एवं चार सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक ₹ 8,000 के दिये गये ।

नोट : (फरवरी, 2024 माह में, सामग्री लागत प्रति इकाई में बचत, बाजार में नये आपूर्तिकर्त्ताओं के कारण एवं प्रत्यक्ष श्रम एवं प्रत्यक्ष व्ययों में प्रति इकाई बचत, प्रबंधन द्वारा नयी नीति जारी करने के कारण हुई ।)

जनवरी 2024 एवं फरवरी 2024 माह के लिए, मूल लागत (मूल लागत की विभिन्न मदों के साथ), कारखाना लागत, उत्पादन लागत, कुल लागत तथा अर्जित लाभ दिखाते हुए लागत पत्र तैयार कीजिए ।

(b) एक कारखाने में 50 श्रमिक हैं जिन्होंने 31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त होने वाले छमाही में 8 घण्टा प्रतिदिन की दर से जिसमें 30 मिनट का भोजनावकाश शामिल है, 160 दिन काम किया । इस समयावधि में कुल श्रमिक लागत ₹ 3,90,000 अभिलिखित थी । कारखाने के प्रबन्धन ने जनवरी 2024 माह के लिए समयोपरि प्रीमियम दरें निम्न प्रकार से निश्चित कीं : **6**

रविवार व छुट्टियाँ	मूल मजदूरी दर का 180%
पहले और बाद में सामान्य कार्य घण्टा	मूल मजदूरी दर का 160%

पिछले छमाही के दौरान (31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त), निम्नलिखित घण्टों में काम किया गया था :

सामान्य समय	56,250
रविवार व छुट्टियाँ	750
पहले और बाद में सामान्य कार्य घण्टे के	3,000
कुल घण्टे	60,000

जनवरी 2024 माह के दौरान, कारखाने में उपकार्य 'बी.एक्स' पर इस प्रकार काम किया गया –

सामान्य कार्य	2,400 श्रमिक घण्टे
रविवार व छुट्टियों में अधिसमय	200 श्रमिक घण्टे
सामान्य काम करने से पहले व बाद में अधिसमय	400 श्रमिक घण्टे
कुल घण्टे	3,000

आपको निम्नलिखित स्थितियों में उपकार्य 'बी एक्स' और उपरिव्यय के लिए लगने वाली श्रम लागत की गणना करनी है :

(i) जहाँ, श्रमिकों की कमी के कारण, एक नीति के तहत पूरे वर्ष नियमित रूप से अधिसमय काम कराया जाता है ।

(ii) जहाँ, उत्पादन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनियमित रूप से अधिसमय काम किया जाता है ।

(iii) जहाँ काम को समय पर पूरा करने के लिए ग्राहक के अनुरोध पर अधिसमय काम किया जाता है ।

(iv) जहाँ उस क्षेत्र में बाढ़ की वजह से अधिसमय काम किया जाता है ।

3. (a) जी.एस.टी. लिमिटेड एक बहु-उत्पाद बनाने वाली कंपनी है । इसके दो उत्पादों पी एवं क्यू से संबंधित उत्पादन और लागतों के विवरण इस प्रकार दिये गये हैं : 8

विवरण	उत्पाद	
	पी	क्यू
उत्पादन की मात्रा (संख्या में)	9,000	7,200
प्रत्यक्ष सामग्री लागत (₹)	72,000	50,000
प्रत्यक्ष श्रम घण्टे	800	600
क्रय की लिखित माँग (संख्या में)	180	144
उत्पादन संचालन (संख्या में)	144	108
गुणवत्ता निरीक्षण (संख्या में)	27	18

प्रत्यक्ष श्रम दर ₹ 14.50 प्रति घण्टा है । वर्तमान में कम्पनी प्रत्यक्ष श्रम घण्टों के आधार पर एकल उपरिव्यय वसूली दर का इस्तेमाल करती है । कम्पनी के द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान निम्न उपरिव्यय किये जाते हैं :

तकनीकी कर्मचारियों का वेतन	₹ 45,000
मशीन संचालन व्यय	₹ 1,62,000
मशीन रखरखाव व्यय	₹ 27,000
स्टोर्स कर्मचारियों की मज़दूरी और वेतन	₹ 36,000

इस समयावधि के दौरान प्रत्यक्ष श्रम घण्टे 72,000 किये गये ।

अब कम्पनी गतिविधि आधारित लागत निर्धारण प्रणाली का उपयोग करना चाहती है । इस उद्देश्य से निम्नलिखित गतिविधियाँ चिह्नित की गईं :

- गुणवत्ता नियंत्रण
- उत्पादन संचालन के लिए मशीन स्थापना
- स्टोर्स प्राप्ति

यह भी निश्चय किया गया कि तकनीकी कर्मचारी का वेतन मशीन रखरखाव, मशीन स्थापना एवं गुणवत्ता नियंत्रण में 1 : 2 : 2 के अनुपात में आबंटित किया जाना है । मशीन रखरखाव व्यय एवं मशीन परिचालन व्यय 2 : 3 के अनुपात में स्टोर्स एवं उत्पादन स्थापना गतिविधियों में आबंटित किया जाना चाहिए ।

इस अवधि के दौरान इन गतिविधियों के लिए निम्न लागत संचालक चिह्नित किये गये :

उठायी गयी लिखित माँग	5,760
उत्पादन स्थापना	7,200
गुणवत्ता जाँच की संख्या	720

आपसे गणना अपेक्षित है :

(i) पारंपरिक लागत अवशोषण प्रणाली के आधार पर उत्पाद पी एवं क्यू की लागत

(ii) गतिविधि लागत प्रणाली के आधार पर उत्पाद पी एवं क्यू की लागत

(b) सावी लिमिटेड वर्तमान में अपने 80% क्षमता स्तर पर काम कर रही है तथा वर्तमान अवधि के लिए निम्नलिखित सूचनाएँ प्रस्तुत करती है : 6

उत्पादन/विक्रय	96,000 इकाइयाँ
प्रत्यक्ष परिवर्तनशील लागत	₹ 20 प्रति इकाई
कारखाना उपरिव्यय	₹ 8,40,000
प्रशासनिक उपरिव्यय (स्थायी)	₹ 20,60,000
विक्रय दलाली	विक्रय मूल्य का 2%
परिवहन व्यय (लदान क्षमता 4000 इकाइयाँ)	₹ 4,000 प्रति ट्रक

उत्पाद का विक्रय मूल्य ₹ 120 प्रति इकाई है तथा कारखाना उपरिव्यय 80% परिवर्तनशील है।

सावी लिमिटेड के प्रबन्धन को यह जानकारी प्राप्त हुई कि आगामी वर्ष में उत्पाद की माँग में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रहेगा तथा उत्पाद की माँग को निर्धारित करना आसान कार्य नहीं होगा। परन्तु माँग की अनियमितता से प्रति इकाई विक्रय मूल्य प्रभावित नहीं होगा।

सावी लिमिटेड ने 60%, 80% एवं 100% क्षमता स्तरों पर लोचदार बजट तैयार करने का निश्चय किया है।

आपसे प्रत्येक क्षमता स्तर पर उत्पाद की कुल लागत दिखाते हुए लोचदार बजट तैयार करने की अपेक्षा की जाती है।

(a) बी.जी. कम्पनी एक मानक उत्पाद बनाती है और 10 किलो के पैकेट में विक्रय करती है। मानक लागत ब्योरा प्रति पैकेट इस प्रकार है : 9

प्रत्यक्ष सामग्री : ए – 4 किलो @ ₹ 50 प्रति किलो

बी – 8 किलो @ ₹ 40 प्रति किलो

प्रत्यक्ष श्रम : 6 घण्टे @ ₹ 20 प्रति घण्टा

कम्पनी ने माह के दौरान ₹ 1600 पैकेट उत्पादित और विक्रय किये । सामग्री एवं श्रम के अभिलिखित वास्तविक समंक निम्न हैं :

प्रत्यक्ष सामग्री : ए – 7,000 किलो @ ₹ 40

बी – 12,500 किलो @ ₹ 45

दो भिन्न प्रकार के श्रमिकों को भुगतान किये गये श्रम घण्टे :

कुशल 6,000 घण्टे @ ₹ 25

अर्धकुशल 4,000 घण्टे @ ₹ 20

भुगतान किये गये समय का 5% असामान्य कारण से खो गया ।

निम्नलिखित विचरणों की गणना उनके स्वभाव की अनुकूलता या प्रतिकूलता को दर्शाते हुए करें :

(i) सामग्री लागत विचरण

(ii) सामग्री मूल्य विचरण

(iii) सामग्री उपयोग विचरण

(iv) सामग्री मिश्रण विचरण

(v) सामग्री उत्पाद (उपज) विचरण

(vi) श्रम लागत विचरण

(vii) श्रम दर विचरण

(viii) श्रम दक्षता विचरण

(ix) श्रम निष्क्रिय समय विचरण

(b) बिल्ड–ऑपरेट–स्थानांतरण (BOT) दृष्टिकोण की व्याख्या कीजिए । टोल सड़कों के लिए निम्नलिखित व्ययों को पूँजी लागत या परिचालन एवं रखरखाव लागत में वर्गीकृत कीजिए : **2+3 =5**

(i) भूमि अधिग्रहण

(ii) सावधि ऋणों की अदायगी के लिए किया गया ब्याज व्यय

(iii) सामग्री एवं श्रम

(iv) टोल संग्रहण व्यय

(v) आकस्मिकता भत्ता

(vi) सावधिक रेलिंग आदि की रंगाई लागत

5. (a) वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए पी.क्यू.आर. कोर्प के निर्माण विभाग में परिचालित होने वाली तीन मशीनों से सम्बन्धित समंक निम्न हैं : 7

विवरण	अनुमानित व्यय			
	कुल (₹)	मशीन		
		X (₹)	Y (₹)	Z (₹)
प्रत्यक्ष श्रम व्यय (प्रति क्वार्टर)	2,50,000			
तेल व्यय(प्रति क्वार्टर)	1,03,125	37,500	37,500	28,125
मशीन बीमा व्यय (प्रति क्वार्टर)	60,000			
ह्रास (प्रति वर्ष)	6,00,000	1,00,000	2,00,000	3,00,000
भवन रखरखाव व्यय (प्रति क्वार्टर)	1,00,000			
परिचालक की मजदूरी (प्रति क्वार्टर)	2,25,000			
बिजली व्यय (प्रति क्वार्टर)	3,00,000			
किराया एवं दरें (प्रति माह)	80,000			
तकनीकी विशेषज्ञ का वेतन (प्रति माह)	62,500			

(तकनीकी विशेषज्ञ केवल मशीन X और Y पर काम करता है और परिचालक सभी तीनों मशीनों को नियंत्रित करता है और दोनों अपनी कार्य की जानी वाली मशीनों पर बराबर समय लगाते हैं ।)

वर्ष में रविवार के अलावा 14 छुट्टियाँ हैं, जिनमें से 6 शनिवार को हैं । 5 कार्यशील दिनों (एक शनिवार को मिलाकर) श्रमिकों की हड़ताल थी । निर्माण विभाग सामान्य सप्ताह के दिनों में 8 घंटे प्रतिदिन कार्य करता है, जबकि शनिवार को परिचालन घण्टे 2 घण्टे प्रतिदिन के हिसाब से घटा दिये जाते हैं । सभी मशीनें वर्ष भर 80% क्षमता स्तर पर कार्य करती हैं । वर्ष में 366 दिन मानिए ।

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

(i) तेल के मूल्य में 20% की बढ़ोतरी

(ii) सिर्फ मशीन 'X' और 'Y' के लिए तेल की खपत में 10% की बढ़ोतरी

(iii)

विवरण	मशीन		
	X	Y	Z
श्रमिकों की संख्या	5	3	2
किलोवाट रेटिंग का अनुपात	3	3	4
उपयोग किये गये स्थान का अनुपात	1	2	1

अपेक्षित है :

वार्षिक आधार पर प्रत्येक मशीन को आबंटित व्ययों का ब्योरा देते हुए विवरण तैयार कीजिए और उसके बाद प्रत्येक उल्लिखित मशीन के व्यापक मशीन घण्टा दर की गणना कीजिए ।

(b) ए बी सी लिमिटेड शिशु देखभाल उत्पाद बनाने वाली एक नामचीन कम्पनी है । कम्पनी बच्चों के लिए दो प्रकार के जैविक शैम्पू उत्पादित एवं विक्रय करती है : "बेबी रोज़" एवं "बेबी लिली" । दोनों उत्पादों के विक्रय और लागत आँकड़े नीचे उपलब्ध कराये गए हैं : 7

विवरण	बेबी रोज़	बेबी लिली
वर्तमान माँग एवं विक्रय (बोतलों की संख्या)	4,000	3,000
उत्पादन क्षमता (बोतलों की संख्या)	7,500	6,000
विक्रय मूल्य प्रति बोतल (₹)	600	750
परिवर्तनशील लागतें प्रति बोतल :		
प्रत्यक्ष सामग्री (₹ 20 प्रति लीटर)	160	200
अन्य परिवर्तनशील लागतें	270	350

बेबी रोज़ एवं बेबी लिली की स्थायी लागतें क्रमशः ₹ 5,00,000 और ₹ 4,50,000 हैं । उत्पादन प्रबंधक ने सूचित किया कि 1,00,000 लीटर सामग्री उत्पादन हेतु उपलब्ध है । एक डीलर ने बची हुई सामग्री का इस्तेमाल करके बने दोनों उत्पादों को वर्तमान विक्रय मूल्यों पर क्रय करने का प्रस्ताव दिया । परन्तु उसने सभी बोतलों की पैंकिंग को पर्यावरण के अनुकूल करने का आग्रह किया, जिसकी वजह से कम्पनी को ₹ 10 प्रति बोतल अतिरिक्त लागत आयेगी । वर्तमान में कम्पनी पैकिंग के लिए पर्यावरण अनुकूल सामग्री का इस्तेमाल नहीं करती है ।

अपेक्षित है :

डीलर का प्रस्ताव स्वीकार करने के बाद कम्पनी का कुल अंशदान तथा लाभ दिखाते हुए एक विस्तृत विवरण तैयार कीजिए ।

6. (a) डिजिटल लागत प्रणाली के किन्हीं पाँच लाभों का वर्णन करें । **5**

(b) निम्नलिखित को परिभाषित करें : **5**

(i) नियंत्रणीय विचरण

(ii) अनियंत्रणीय विचरण

(iii) बजट पुस्तिका

(iv) निष्पादन बजटिंग

(v) बजट अवधि

(c) लागत लेखांकन में उप-उत्पादों के उपचार का वर्णन कीजिए । **4**

अथवा

(c) कार्य लागत को परिभाषित कीजिए तथा कार्य और समूह लागत के बीच के अन्तर की व्याख्या कीजिए । **4**

---

(24)

VAE2(H)

रोल नं. .....

कुल प्रश्नों की संख्या – 6

कुल पृष्ठ – 24

अधिकतम अंक – 70

अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर या Part-I बहुविकल्पीय प्रश्न-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर-पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते अथवा मोबाइल फोन या स्मार्ट वॉच सहित/उपयोग करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

भाग – II

70 अंक

1. भाग–II में 6 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है तथा शेष 5 प्रश्नों में से किन्हीं 4 का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

VAE2(H)